अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 26 फरवरी 2024
फाल्गुन कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 08, MIDDLE RIGHT

दुष्कर्म की मानसिकता खत्म करने का दिया संदेश

रिद्धिमा सभागार में नाटक का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

रिद्धिमा सभागार में हास्य नाटक 'रॉन्ग टर्न' का मंचन

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को देहरादून के एकलव्य थियेटर के कलाकारों ने हास्य नाटक 'रॉन्ग टर्न' का मंचन किया। रंजीत कपूर लिखित और ब्रजेश नारायण निर्देशित इस नाटक के जरिये दुष्कर्म की मानसिकता को समाप्त करने का संदेश दिया।

कथनक के अनुसार हमारे आसपास घटित हो रहे दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध के विरोध में हम कैंडल मार्च निकालते हैं, लेकिन इसके पीछे छिपी मानसिकता को बदलने के लिए कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। ऐसे अपराधियों को अपने किए पर कोई पश्चाताप भी नहीं होता।

इसी को केंद्र बनाकर नाटक का मंचन किया गया। नाटक में मुख्य भूमिकाएं सुमित गौड़, हेमलता पांडे, रितिक सिमल्टी, कार्तिकेय ने निभाईं। प्रकाश संयोजन नितिन कुमार, संगीत संयोजन समीर कुरैशी का रहा। ब्यूरो